# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 03 सितम्बर, 2026/12, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 47**

----

### पेंशनर्ज़

***4732 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के सरकारी विभागों में पेंशनर्ज़ की कितनी संख्या है तथा इन्हें माह में कौन सी तिथि को पेंशन प्रदान की जाती है व पेंशन भुगतान में देरी के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार पेंशनर्ज़ को सभी लंबित वित्तीय लाभ प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं,तो इनके लंबित वित्तीय भुगतानों का ब्यौरा दें?

----

### पार्ट टाइम वर्कर

***4733 श्री आर.एस. बाली (नगरोटा) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के विभिन्न पटवार वृत्तों में पार्ट टाइम वर्कर के रूप में कार्यरत कितने कर्मचारियों ने दिनांक 31.03.2026 से 30.09.2026 तक सात वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर

ली है अथवा कर लेंगे ; जिलावार एवं पटवार वृत्तवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या वर्ष, 2019 से जिला कांगड़ा के पटवार वृत्तों में नियुक्त पार्ट टाइम वर्करों में से सात वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके पात्र कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी बनाने हेतु कोई नीति/अधिसूचना जारी की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ग) कांगड़ा सहित अन्य जिलों में पात्र पार्ट टाइम वर्करों को दैनिक वेतनभोगी दर्जा देने की अद्यतन स्थिति एवं पात्र कर्मचारियों को दर्जा न दिए जाने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार पात्र पार्ट टाइम वर्करों को दैनिक वेतनभोगी बनाने तथा पटवार वृत्तों में इनके लिए नियमित पद सृजित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसकी प्रक्रिया एवं समय-सीमा क्या है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## मुख्य मंत्री आवास योजना

***4734 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मंत्री आवास योजना के तहत कितनी विधवा, एकाकी तथा परित्यक्त महिलाओं को घर बनाने हेतु सहायता धनराशि उपलब्ध करवाई गई है; लाभार्थीवार ब्यौरा दें?

----

## Career Advancement Scheme

***4735 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government has stalled promotions under Career Advancement Scheme (CAS) for staff of CSKHPKV Palampur;

(b) if so, is the Government considering restarting the career advancement scheme for eligible teaching staff at CSKHPKV Palampur; and

(c) if not, will the Government consider staff for CAS who were eligible and whose screening process has begun before the notification to discontinue the

CAS in 2022?

----

## आई0आर0डी0पी0 चयन

***4736 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में आई0आर0डी0पी0 चयन की नवीनतम प्रक्रिया कब आरम्भ हुई तथा वर्तमान में इसमें चयन का कौन-सा चरण चल रहा है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या चयन हेतु अभ्यर्थियों/लाभार्थियों को आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है; यदि हां, तो प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया, निर्धारित समय-सीमा तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा दें; यदि प्रमाण-पत्र समय पर जारी नहीं हुए हैं, तो विलंब के क्या कारण हैं?

----

## वन्यजीव (संरक्षण) हिमाचल प्रदेश नियम, 1975

***4737 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा हाल ही में वन्यजीव (संरक्षण) हिमाचल प्रदेश नियम, 1975-संशोधन नियम, 2026 लागू किया गया है; यदि हां, तो इससे पूर्व इन नियमों में कब संशोधन हुआ था तथा पिछली दरों एवं हाल ही में हुए संशोधनों में कितना अंतर है; ब्यौरा दें?

----

## डॉ0 राधाकृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर

***4738 श्री आशीष शर्मा (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि डॉ0 राधाकृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल, हमीरपुर में एंडोस्कोपी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद भी इस सुविधा के माध्यम से जांच आरम्भ नहीं हुई है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस अस्पताल में एंडोस्कोपी जांच की सुविधा कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है; और

(ख) क्या यह भी सत्य है कि इस अस्पताल की फार्मेसी में आवश्यक दवा सूची में शामिल मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की दवाइयां, दर्द निवारक इंजेक्शन, गैस्ट्रिक संबंधी इंजेक्शन, एंटी-रेबीज वैक्सीन, सीरिंज, ग्लूकोज, ग्लव्स, प्लास्टर, कॉटन तथा अन्य आवश्यक दवाइयां/चिकित्सा सामग्री वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं; यदि हां, तो इस अस्पताल की

फार्मेसी में अनुपलब्ध दवाइयों एवं चिकित्सा सामग्री का मदवार ब्यौरा दें तथा इनकी आपूर्ति अस्पताल में कब तक सुनिश्चित कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## पेंशन योजना

***4739 श्री अजय सोलंकी (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के विभिन्न बोर्डों एवं निगमों में कार्यरत कर्मचारियों हेतु वित्त विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या एफ0आई0एन0-आई0एफ0(सी0)1-9/97 दिनांक 29.10.1999 के माध्यम से पेंशन योजना लागू की गई थी, जिसे बाद में दिनांक 02.12.2004 को वापस ले लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो प्रदेश के 17 बोर्डों/निगमों के कुल 6,714 सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से केवल 372 को ही पेंशन मिल रही है तथा 6,342 सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन सुविधा से वंचित क्यों हैं;

(ग) क्या सरकार ने इन कर्मचारियों को पुनः पेंशन योजना का लाभ देने के संबंध में कोई निर्णय, प्रस्ताव अथवा मंत्रिमंडलीय कार्रवाई की है; और

(घ) यदि हां, तो अद्यतन स्थिति; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार दिनांक 29.10.1999 की पेंशन योजना को पुनः बहाल करने तथा पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का लाभ देने हेतु कब तक समयबद्ध नीति बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पार्किंग

***4740 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत राजगढ़ में पार्किंग हेतु जिला प्रशासन की ओर से भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है व लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 12,69,49,425 लाख रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर0) भी बना ली गई है;

(ख) यदि हां, तो इसकी निविदा प्रक्रिया हेतु नगर पंचायत राजगढ़ द्वारा कितनी धनराशि

विभाग को उपलब्ध करवा दी गई है; और

(ग) यह सत्य है कि नगर पंचायत राजगढ़ के पास धनराशि उपलब्ध नहीं है ; यदि हां, तो सरकार पार्किंग निर्माण कार्य को दो चरणों में करवाने का विचार रखती है?

----

## सड़क / पुल निर्माण

***4741 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सी0आर0एफ0 तथा अन्य राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत सड़क एवं पुल निर्माण/उन्नयन के कार्य स्वीकृत किए गए हैं; यदि हां, तो पूर्ण, प्रगति पर तथा लंबित कार्यों का योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार ने इन लंबित कार्यों को प्राथमिकता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु कोई कार्य योजना बनाई है; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करने हेतु राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत नई सड़कों एवं पुलों के प्रस्तावों को प्राथमिकता देने पर विचार कर रही है; ब्यौरा दें?

----

## वैज्ञानिकों के रिक्त पद

***4742 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) "पर्वतीय कृषि अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र, सलूणी" में वैज्ञानिकों के कितने पद सृजित हैं व इनमें से कितने पद रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इस संस्थान में वैज्ञानिकों के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## इलैक्ट्रिक बसें

***4743 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
**श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**
**श्री संजय अवस्थी (अर्की) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक एच0आर0टी0सी0 द्वारा खरीदी गई नई एवं इलैक्ट्रिक बसों की वर्षवार संख्या, व्यय, डिपोवार वितरण तथा संचालित रूटों का ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में प्रदेश में एच0आर0टी0सी0 के कितने डिपो/उप-डिपो कार्यरत हैं तथा साधारण, सेमी-डीलक्स, डीलक्स, सुपर-डीलक्स, वॉल्वो एवं इलैक्ट्रिक बसों की श्रेणीवार संख्या कितनी है; इनमें से कितनी संचालित, मरम्मताधीन एवं ऑफ-रोड हैं; डिपोवार ब्यौरा दें;

(ग) इलैक्ट्रिक बसों हेतु स्थापित चार्जिंग स्टेशनों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का स्थान/डिपोवार संख्या तथा उन पर हुए व्यय का ब्यौरा दें;

(घ) इस अवधि में इलैक्ट्रिक बसों के रख-रखाव एवं बैटरी प्रतिस्थापन पर वर्षवार/ डिपोवार व्यय तथा डीजल बसों की तुलना में प्रति किलोमीटर संचालन लागत, राजस्व एवं आर्थिक लाभ का तुलनात्मक ब्यौरा दें; और

(ङ) मार्च, 2023 से मार्च, 2026 तक कितने नए बस रूट शुरू एवं कितने बंद किए गए; बंद बस रूट कब तक बहाल कर दिए जाएंगे?

----

## धनराशि वितरण

***4744 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक जिला ऊना में बागवानी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार, योजनावार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## प्राकृतिक आपदा

***4745 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष, 2025 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण जिला बिलासपुर के चारों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत कितने पक्के/ कच्चे मकानों, शौचालयों, रसोई घरों एवं पशुशालाओं को नुकसान पहुंचा; नुकसान का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार, श्रेणीवार एवं पंचायतवार दें; और

(ख) प्राकृतिक आपदा से प्रभावित कितने परिवारों/व्यक्तियों को सरकार द्वारा राहत राशि प्रदान की गई तथा कितनों को नहीं; राहत राशि प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति के नाम, पिता/पति एवं अभिभावक के नाम, गांव एवं पंचायत के नाम, नुकसान का प्रकार, स्वीकृत राहत राशि, भुगतान की गई धनराशि का भुगतान की तिथि सहित ब्यौरा दें एवं जिनको राहत राशि प्रदान नहीं की गई, उनका भी अलग से ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## मरम्मत / निर्माण कार्य

***4746 श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत में वर्ष, 2023 की आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए उप-स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर के मरम्मत कार्य तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र बग्गुवाला के निर्माण कार्य हेतु धनराशि कब तब जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी

***4747 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
**श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने दिनांक 07.04.2026 को सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों एवं स्वायत्त संस्थाओं को सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को सेवा-विस्तार, पुनर्नियोजन अथवा पुनर्नियुक्ति न देने के निर्देश जारी किए थे; यदि हां, तो आदेश की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) उपरोक्त आदेश जारी होने के बाद कितने सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को विभागों/संस्थाओं द्वारा सेवा-विस्तार, पुनर्नियोजन, पुनर्नियुक्ति, अनुबंध, सलाहकार, आउटसोर्स व मानदेय अथवा अन्य माध्यम से पुनः नियोजित किया गया है; विभाग/संस्था एवं नाम, पदनाम, नियुक्ति माध्यम/एजेंसी, अवधि एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या इन आदेशों के बाद की गई ऐसी नियुक्तियों का सरकार द्वारा अनुपालन परीक्षण/समीक्षा अथवा ऑडिट किया गया है; यदि हां, तो निष्कर्ष सहित ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण; और

(घ) क्या सरकार इन नियुक्तियों को दिनांक 07.04.2026 के आदेश के अनुरूप मानती है; यदि हां, तो इनका विधिक एवं प्रशासनिक आधार क्या है?

----

## सर्वोच्च न्यायालय में मामले

*4748 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**
**श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) :**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश सरकार के पक्ष/विपक्ष में सर्वोच्च न्यायालय में दायर मामलों की संख्या का विभागवार, विषयवार एवं केस नंबर/पक्षकारवार ब्यौरा दें; प्रत्येक मामले की अद्यतन स्थिति, अंतरिम/अंतिम न्यायिक आदेशों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा इन मामलों में नियुक्त अधिवक्ताओं के नाम तथा उन्हें किए गए भुगतान का मामलेवार/वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) इनमें से कितने मामलों में निर्णय सरकार के पक्ष एवं विपक्ष में हुआ तथा विपक्ष में निर्णय वाले मामलों से प्रदेश पर कितना वित्तीय बोझ पड़ा; मामलेवार ब्यौरा दें;

(घ) सरकार के पक्ष में हुए मामलों से कितना राजस्व प्राप्त हुआ तथा प्रत्येक मामले की प्राप्त राशि एवं कोषागार में जमा करने की तिथि सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) इस अवधि में सरकार द्वारा नियुक्त निजी अधिवक्ताओं को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; वर्षवार एवं विभागवार ब्यौरा दें?

----

## पेयजल शुल्क

***4749 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग द्वारा दिनांक 01.04.2025 से 31.07.2026 तक विभिन्न शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के शुल्कों में वृद्धि की गई है;

(ख) यदि हां, तो कब से व कितनी-कितनी; ब्यौरा पुरानी तथा नई वृद्धि दरों सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रवार दें; और

(ग) क्या विभाग इन बढ़ी हुई दरों को कम करने का विचार रखता है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## योजनाएं

***4750 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक धर्मपुर मण्डल में सिंचाई, सीवरेज तथा हिमकेड योजना के कितने कार्य आरम्भ हुए तथा इनमें से कितने अधूरे हैं; इन्हें कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; उप-मंडलवार ब्यौरा दें; इन कार्यों की कितनी देनदारी लंबित है; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत कार्य

***4751 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 19 मार्च, 2026 को उपायुक्त कार्यालय कांगड़ा द्वारा अनुमोदन न0 कांगड़ा/योजना/वी0के0वी0/8970-71 के माध्यम से वित्तीय वर्ष, 2025-26 हेतु वी0के0वी0एन0वाई0 (एम0एल0ए0एल0ए0डी0) के तहत प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा इन कार्यों की क्रियान्वयन एजेंसी बी0डी0ओ0, कांगड़ा निर्धारित की गई थी;

(ख) यदि हां, तो संबंधित बी0डी0ओ0 कार्यालय, कांगड़ा से उक्त अनुमोदन आदेश के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों का दिनांक 31-07-2026 तक की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

और

(ग) उक्त कार्यों में से कितनों का कार्य शुरू हो चुका है, कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं व कितने लंबित पड़े हैं इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; उक्त कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि में से कितनी धनराशि जारी एवं व्यय की जा चुकी है; शेष कार्यों को कब तक शुरू एवं पूर्ण कर लिया जाएगा; पंचायतवार एवं कार्यवार अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

----

## औद्योगिक क्षेत्र

***4752 श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बसाल में उद्योग विभाग द्वारा 300 कनाल से ज्यादा भूमि औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु चयनित की गई थी; यदि हां, तो यहां औद्योगिक क्षेत्र कब तक विकसित कर दिया जाएगा; और

(ख) सरकार द्वारा बसाल में जो औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना प्रस्तावित है; क्या वहां पर भविष्य में कोई अन्य उद्योग भी स्थापित किए जाने की संभावना है या जो निवेशक हैं, उनको यहां आकर्षित करने हेतु क्या विशेष प्रयास किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***4753 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जारेला–दरलोग–कठयार–बड़ौन–कुफरी सड़क निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इसकी डी0पी0आर0, प्रशासनिक/तकनीकी स्वीकृति, धनराशि प्रावधान एवं कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा का ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य सड़क पाखरी-घकलवाहण–सिहणू–नेरी–कासला संपर्क सड़क जोकि नारला–बिजनी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई है; यदि हां, तो इसमें प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें;

(ग) इस संपर्क सड़क एवं पैदल मार्ग की बहाली तथा ग्रामीणों हेतु वैकल्पिक आवागमन की क्या व्यवस्था की गई है; इसे पूर्ण रूप से कब तक बहाल कर दिया जाएगा; और

(घ) सरकार द्वारा इस क्षेत्र में सड़क/पैदल मार्ग सहित मूलभूत सुविधाओं की बहाली हेतु एन0एच0ए0आई0 एवं संबंधित विभागों को जारी निर्देशों तथा उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें; निर्देशों की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## महंगाई भत्ता

***4754 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि एच0पी0एस0ई0बी0एल0 व एच0पी0पी0टी0सी0एल0 के कर्मचारियों को 60% महंगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है जबकि एच0पी0पी0सी0एल0 के कर्मचारियों को केवल 45% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो एक ही विभाग के अधीन कार्यरत सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों को अलग-अलग दर पर महंगाई भत्ता प्रदान करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## पंजाबी भाषा

***4755 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पंजाबी भाषा के शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा इनमें से कितने पद रिक्त हैं; जिलावार एवं शैक्षणिक संस्थानवार ब्यौरा दें;

(ख) सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त हुए पंजाबी भाषा के शिक्षकों के पदों को भरने हेतु क्या सरकार द्वारा कोई भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित है; यदि हां, तो इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) क्या सरकार का पंजाब राज्य से लगते हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं में पंजाबी भाषा को द्वितीय भाषा/वैकल्पिक विषय के रूप में लागू करवाने का विचार है; यदि हां, तो इसे कब तक लागू कर दिया जाएगा; यदि नहीं, तो कारण?

----

## भवन निर्माण

***4756 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में नए भवनों, अतिरिक्त भवनों, कमरों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों व शौचालयों अथवा अन्य आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; विद्यालय, भवन/कार्य एवं स्थानवार ब्यौरा दें;

(ख) इन विद्यालयों के स्वीकृत कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि में से कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है; विद्यालयवार ब्यौरा दें;

(ग) इन स्वीकृत भवन निर्माण एवं अन्य आधारभूत संरचना के कार्यों में से कितने पूर्ण, कितने निर्माणाधीन तथा कितने अब तक आरम्भ नहीं हुए हैं; विद्यालयवार, भवन/कार्य, स्थान एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(घ) स्वीकृति के बावजूद लंबित भवन निर्माण कार्य एवं अन्य आधारभूत संरचना के कार्यों के लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा प्रत्येक लंबित कार्य को पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा क्या है?

----

## Clarification

***4757 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Public Works Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government is aware that under Section 16(1)(n) of the Himachal Pradesh Municipal Act, 1994, a person is disqualified for being chosen as or continuing as an office bearer of a Municipality if he has made any false declaration as required under this Act or the rules made thereunder;

(b) whether the Government proposes to seek a clear legal opinion from the Law Department as to whether non-disclosure or incorrect disclosure of criminal antecedents, including conviction, acquittal, compromise, withdrawal or pendency of FIR/cases, in the nomination affidavit filed by a candidate in a Municipal election amounts to a false declaration attracting Section 16(1)(n) of the Act, particularly where the candidate has deliberately mentioned "N/A" despite the existence of such criminal proceedings; and

(c) whether the Government will take appropriate action, in accordance with law, where elected Municipal representatives are found to have repeatedly failed to disclose their criminal antecedents in nomination papers; if not, reasons therefor?

----

## जे0ई0 (इलैक्ट्रिकल) भर्ती

***4758 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट) :**
**श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत निगम लिमिटेड की मांग पर कनिष्ठ अभियंता (जे0ई0) के कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं; चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता एवं खेल उपलब्धि/स्थान सहित ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि जे0ई0 के पदों की भर्ती में डिग्री के स्थान पर आई0टी0आई0/ डिप्लोमा धारकों को प्राथमिकता दी गई है; यदि हां, तो नियम एवं चयन मानदंडों सहित ब्यौरा दें; क्या बी0टेक (इलैक्ट्रिकल/इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) अभ्यर्थी इन पदों हेतु पात्र हैं;

(ग) मांग-पत्र के अनुसार शेष रिक्त जे0ई0 पद कब तक भर दिए जाएंगे; विभागीय मांग के आधार पर रिक्त पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों के नाम स्पोन्सर करने की प्रक्रिया क्या है तथा नए पंजीकरण होने पर नया मांग-पत्र आवश्यक है या नहीं;

(घ) वर्ष, 2022 में विज्ञापित जे0ई0 (इलैक्ट्रिकल) भर्ती की लिखित परीक्षा क्यों आयोजित नहीं हुई थी तथा भर्ती वापस लेने का क्या कारण है; कितने अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था; और

(ङ) सरकार इस भर्ती को बहाल करके लिखित परीक्षा आयोजित करने अथवा नई भर्ती में पूर्व आवेदकों को उचित राहत देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## भर्ती प्रक्रिया

***4759 श्री आर.एस. बाली (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ नर्स/सहायक स्टाफ नर्स के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा कोई भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित/आरम्भ की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत झण्डुता

***4760 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत झण्डुता का गठन कब किया गया तथा क्या इसके गठन के संबंध में स्थानीय जनता की आपत्तियों को सरकार द्वारा सुना गया था; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार जनता के विरोध पर नगर पंचायत झण्डुता के गठन संबंधी जारी अधिसूचना को निरस्त करने का विचार रखती है?

----

## विकास योजनाएं

***4761 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक लाहौल और स्पीति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकार द्वारा कितनी विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गई; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितनी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी प्रगति पर हैं; प्रत्येक योजना हेतु स्वीकृत धनराशि एवं किए गए व्यय का योजनावार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा स्वीकृत एवं आरंभ की गई योजनाओं अथवा कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हुए तथा कितने लंबित हैं; योजनावार एवं कार्यवार स्थिति तथा लंबित कार्यों का कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## सब-डिपो राजगढ़

***4762 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम के सब-डिपो राजगढ़ में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का पदवार ब्यौरा दें; क्या इसके आस-पास के क्षेत्रों हेतु मुद्रिका बस सेवा शुरू करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) इस सब-डिपो में स्पेयर पाट्र्स, टायर एवं स्टाफ की कमी के कारण कितने बस रूट प्रभावित/बंद हैं; बस रूटवार ब्यौरा दें;

(ग) इस सब-डिपो को कितनी नई इलैक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गई हैं; यदि नहीं, तो कारण एवं नई बसें उपलब्ध करवाने का सरकार विचार रखती है;

(घ) क्या पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत काथली भरण—राजगढ़ मार्ग पर 25 कि0मी0 की दूरी के बावजूद भी 28 कि0मी0 का बस किराया लिया जा रहा है; यदि हां, तो कारण एवं इसमें सुधारात्मक कार्रवाई का ब्यौरा दें; और

(ङ) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सराहां—खरेटी बस सेवा, जो जयहर होकर संचालित होती थी उसे बंद करने के क्या कारण हैं; क्या इसे पुनः शुरू किया जाएगा; यदि हां, तो

कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आवासीय भवन

***4763 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में अनेक ऐसे भू-स्वामी हैं, जिनके पास केवल नदी/खड्ड के किनारे ही भूमि उपलब्ध है तथा वर्तमान नगर एवं ग्राम नियोजन (टी0सी0पी0) नियमों के कारण वे उस भूमि पर अपना आवासीय भवन बनाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं;

(ख) क्या ऐसे भू-स्वामियों, जिनके पास भवन निर्माण योग्य अन्य कोई भूमि उपलब्ध नहीं है, उन्हें स्वयं के आवासीय भवन के निर्माण हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन के नियमों में कोई विशेष छूट/रियायत प्रदान की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार ऐसे पात्र भू-स्वामियों की वास्तविक कठिनाइयों के मद्देनजर सुरक्षा एवं पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखते हुए नदी/खड्ड से निर्धारित सुरक्षित दूरी के भीतर सीमित एवं नियंत्रित आवासीय निर्माण की अनुमति देने हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन नियमों में विशेष प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पर्यटन विकास

***4764 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पर्यटन नगरी डलहौजी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं; यदि हां, तो सरकार यहां पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक डलहौजी तथा इसके आस-पास के पर्यटन स्थलों के ढांचे को मजबूत करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार डलहौजी में नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने, साहसिक खेलों को बढ़ावा देने या होमस्टे योजना का विस्तार करने की कोई विशेष कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

***4765** **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
**श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा) :**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत कितने विद्यालय चयनित/स्थापित किए गए; वर्षवार, जिलावार, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं विद्यालयवार ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक विद्यालय के चयन के आधार/मापदंड, स्वीकृत लागत, केंद्र/राज्य अंशदान, व्यय धनराशि तथा निर्माण/उन्नयन एवं संचालन की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें;

(ग) प्रत्येक विद्यालय में भवन, स्मार्ट कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं, छात्रावास एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की स्थिति तथा उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का विद्यालयवार ब्यौरा दें;

(घ) विद्यालयवार निविदा संख्या/तिथि, चयनित कार्यदायी एजेंसी, कार्य आरम्भ/ निर्धारित पूर्णता तिथि तथा वर्तमान भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का ब्यौरा दें; लंबित कार्यों के कारण एवं संभावित पूर्णता तिथि क्या है; और

(ङ) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चयनित/प्रस्तावित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग विद्यालयों को पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों, उपलब्ध धनराशि एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागा

***4766** **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागा किराये के भवन में चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो अल्ट्राटैक सीमेंट उद्योग बागा के पास जो भूमि अप्रयुक्त पड़ी है, क्या सरकार जनहित में इस अप्रयुक्त भूमि में से कुछ अंश(लगभग 4 बिस्वा) भूमि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु मुहैया करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## अवैध लकड़ी

***4767 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत फॉरैस्ट चेकपोस्ट व पुलिस चेकपोस्ट गगरेट पर कितने वाहन अवैध लकड़ी या बिना परमिट के पकडे गए; इनमें से कितने वाहन किस-किस जिले के थे; वाहनों की संख्या सहित जिलावार ब्यौरा दें?

----

## निर्माणाधीन सड़क

***4768 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नाबार्ड के तहत निर्माणाधीन सोहर से सिकरोहा सड़क का निर्माण कार्य कब शुरू किया गया तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इसका कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है व कितना शेष है; और

(ख) यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इस सड़क का निर्माण कर रहे ठेकेदार को कितना भुगतान किया जा चुका है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## सड़क चौड़ीकरण

***4769 श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार बरोटीवाला–पट्टा–बनलगी–कुठाड़ सड़क तथा बद्दी औद्योगिक क्षेत्र को जिला मुख्यालय सोलन से जोड़ने वाली मुख्य सड़क के चौड़ीकरण का विचार रखती है; यदि हां, तो विश्व बैंक के माध्यम से कार्य की स्वीकृति, धनराशि एवं कार्य आरम्भ की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ख) पट्टा–घरेड़ खड्ड पर निर्मित पुल का कार्य 6–7 माह पूर्व पूर्ण हो चुका है; इसमें ठेकेदार की बकाया धनराशि कितनी है तथा भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ग) वर्ष, 2023 एवं 2025 की आपदाओं के दौरान लोक निर्माण उप-मंडल चण्डी में कराए गए विभिन्न कार्यों की कितनी धनराशि लंबित है; कार्यवार लंबित धनराशि एवं भुगतान की

निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा दें?

----

## एक पेड़ माँ के नाम

***4770 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
**श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लगाए गए पौधों की संख्या, व्यय एवं जीवित पौधों का ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक CAMPA से प्राप्त केंद्रांश तथा वनीकरण, वन संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन, पारिस्थितिकी सुधार एवं अन्य कार्यों पर वर्षवार/मदवार व्यय, कार्यवार स्वीकृत/व्यय लागत, स्थान, वर्तमान स्थिति तथा जियो-टैग/फोटोग्राफ सहित ब्यौरा दें;

(ग) CAMPA निधि से वेतन, मानदेय अथवा प्रशासनिक व्यय का नियम सम्मत प्रावधान, वर्षवार/मदवार व्यय तथा सेवानिवृत्त/अन्य व्यक्तियों एवं वन मित्रों को किए गए भुगतान का नियम एवं आधार क्या है;

(घ) उपरोक्त निधि से किए गए कार्यों की जियो-टैगिंग एवं फोटोग्राफ सार्वजनिक करने की व्यवस्था का ब्यौरा दें; और

(ङ) वन मित्रों की श्रेणी, नियुक्ति/सेवा शर्तें, कार्य-दायित्व, नियमितीकरण हेतु सेवा अवधि एवं वर्तमान नीति का वन मंडलवार ब्यौरा दें; वन रक्षक, वन मित्र एवं अन्य फील्ड कर्मचारियों के वन मंडलवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद तथा रिक्तियां भरने की समय-सीमा क्या है?

----

## राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल चम्बा

***4771 डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**
**श्री नीरज नैय्यर (चम्बा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चम्बा में स्वीकृत बैड क्षमता कितनी है तथा क्षमता वृद्धि हेतु क्या प्रावधान किए गए हैं; दिनांक 01 अप्रैल से 31 जुलाई, 2026 तक माहवार भर्ती, डिस्चार्ज, मृत्यु एवं बैड ऑक्यूपेंसी दर का ब्यौरा दें;

(ख) क्या यहां रोबोटिक सर्जरी हेतु ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) इस अस्पताल में सफाई एवं अन्य आवश्यक स्टाफ की आउटसोर्स/वैकल्पिक व्यवस्था तथा रिक्त पदो को भरने की कार्य योजना का ब्यौरा दें;

(घ) सरोल स्थित नवनिर्मित अस्पताल के चरण-I, II एवं III की डी0पी0आर0 में पी0एस0ए0 ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना, स्वीकृति, धनराशि एवं समय-सीमा क्या है;

(ङ) फैकल्टी/विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु श्रेणी-IV, V एवं VI के स्वीकृत, निर्मित, उपलब्ध एवं आबंटित सरकारी आवासों तथा आवास से वंचित पात्र सदस्यों का श्रेणीवार ब्यौरा दें; नए आवास निर्माण की प्रस्तावित योजना एवं समय-सीमा क्या है; और

(च) क्या इस संस्थान में आई0जी0एम0सी0 शिमला एवं डॉ0 आर0पी0जी0एम0सी0 टांडा की तर्ज पर पृथक अस्पताल प्रशासन विभाग सृजित करने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो प्रशासनिक/सहायक पद, स्वीकृति एवं कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## खनिज सामग्री

***4772 श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत झज्जरा स्थित मैसर्स राणा स्टोन क्रशर, कोटला कलां का निकास पंजाब की ओर है; यदि हां, तो हिमाचल–पंजाब सीमा मार्ग पर स्थायी चैक पोस्ट अथवा नियमित निगरानी व्यवस्था है; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कितने निरीक्षण किए गए तथा अवैध खनन/खनिज परिवहन के कितने मामले पकड़े गए; वर्षवार कार्रवाई सहित ब्यौरा दें;

(ग) इस क्रशर की स्वीकृत खनन लीज का क्षेत्रफल, खसरा नंबर, उत्पादन/खनन क्षमता, पर्यावरणीय स्वीकृति एवं अन्य विभागीय अनुमतियों का ब्यौरा दें;

(घ) इस अवधि में क्रशर का वर्षवार खनिज उत्पादन, जारी ई-रवन्ना की संख्या तथा प्रदेश से बाहर, विशेषकर पंजाब भेजी गई खनिज सामग्री की मात्रा का ब्यौरा दें; और

(ङ) सरकार इस क्रशर के प्रवेश/निकास बिंदुओं एवं हिमाचल–पंजाब सीमा मार्ग पर सी0सी0टी0वी0/ऑनलाइन निगरानी तथा स्थायी जांच चौकी स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## दुग्ध उत्पादन

***4773 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर) :**
**श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा) :**
**श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दुग्ध उत्पादन एवं आय बढ़ाने हेतु लागू योजनाओं के तहत किए गए कार्यों, स्वीकृत/व्यय धनराशि एवं लाभान्वित दुग्ध उत्पादकों का जिलावार ब्यौरा दें; क्या राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के तहत पी0एफ0ओ0 एवं सहकारी समितियों को मिल्क चिलिंग/ प्रोसेसिंग प्लांट हेतु सहायता देने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) हिम गंगा योजना के तहत दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकों की आय बढ़ाने हेतु किए गए कार्य, व्यय धनराशि एवं लाभार्थियों का जिलावार ब्यौरा दें; क्या इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दूध संग्रहण केंद्र, चिलिंग सेंटर अथवा दुग्ध प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो कब तक;

(ग) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मई, 2026 से दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान की राशि, 20 लीटर प्रतिदिन की सीमा लागू करने का कारण तथा 'डी0जी0आर0ई0' एवं 'एस0एन0एफ0' मानकों के आधार पर भुगतान/कटौती का ब्यौरा दें; और

(घ) आनी सहित प्रदेश के सभी दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान का निपटारा कब तक कर दिया जाएगा तथा 20 लीटर प्रतिदिन की सीमा हटाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## स्वीकृत धनराशि

***4774 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 01 अगस्त, 2026 तक कांगड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों हेतु एस0डी0पी0,एस0डी0आर0एफ0 एवं डी0सी0 मद में विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत/जारी हुई; पंचायतवार एवं कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ख) कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है एवं कितनी शेष है; कितनी धनराशि बिना व्यय के वापस की गई; लंबित कार्यों का धनराशि वापसी के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***4775 श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्रों में बहुत से बस रूट बंद पड़े हैं; और

(ख) यह भी सत्य है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को विशेष प्रोत्साहन देने हेतु नए बस रूट स्वीकृत करने का विचार रखती है; यदि हां,तो यह योजना कब तक प्रभावी रूप से आरम्भ कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## योजनाएं

***4776 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में नाबार्ड के अंतर्गत विभिन्न मदों की कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं एवं कितनी स्वीकृति हेतु लम्बित हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

----

## आपदा उपरांत मूल्यांकन

***4777 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आपदा उपरांत आवश्यक मूल्यांकन, 2023 के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग के मंडल चौपाल एवं ठियोग की सड़कों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; मंडलवार स्वीकृति एवं संबंधित स्वीकृति पत्र का ब्यौरा दें;

(ख) इस धनराशि से किन-किन सड़कों के कार्य स्वीकृत किए गए हैं; प्रत्येक सड़क का नाम, स्थान, संबंधित मंडल तथा स्वीकृत धनराशि सहित सड़कवार ब्यौरा दें;

(ग) प्रत्येक स्वीकृत सड़क कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की गई, कितनी शेष है तथा कार्य की भौतिक प्रगति कितनी है; सड़कवार एवं मंडलवार ब्यौरा दें; और

(घ) जिन सड़कों का कार्य शेष है, इन्हें पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा क्या है तथा संबंधित स्वीकृति/मंजूरी पत्रों की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## Enhanced Taxes

***4778 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Public Works Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the residents, traders, Government institutions and other establishments in Kasauli and adjoining areas are facing difficulties due to repeated enhancement of taxes, rents and other charges, auction/renewal of commercial shops, restrictions on development and inadequate civic amenities; if so, details be given;

(b) whether the Government proposes to take up with the competent authorities the issue of repeated and disproportionate enhancement of taxes and other charges, with a view to ensuring a rational and affordable system;

(c) whether the Government proposes to take up the issue of auction/renewal of shops and examine whether the resultant increase in rents is adversely affecting local traders; and

(d) whether the Government has assessed the financial burden being borne by State Government departments and institutions in Kasauli on account of taxes, rents and other charges; if so, details be given and whether the Government proposes to seek appropriate relief?

----

**Shimla: 171004.** **Yash Paul Sharma,**
**31 August, 2026.** **Secretary.**